उत्तर प्रदेश के आय-व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण

2022 - 23

अर्थ एवं संख्या प्रभाग

राज्य नियोजन संस्थान, नियोजन विभाग

उत्तर प्रदेश

website-http://updes.up.nic.in

पत्रिका संख्या : 598

उत्तर प्रदेश के आय–व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण (2022–2023)

अर्थ एवं संख्या प्रभाग
राज्य नियोजन संस्थान
उत्तर प्रदेश

दिसम्बर, 2022

प्राक्कथन

आय–व्ययक राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण वार्षिक वित्तीय अभिलेख है, जिसमें सरकार के विभिन्न स्त्रोतों से आय तथा व्यय की मदों की धनराशि का स्पष्ट उल्लेख रहता है। उत्तर प्रदेश सरकार के आय–व्ययक संबंधी लेन–देन के आर्थिक प्रभाव को सुगमतापूर्वक समझने के उद्देश्य से आय–व्ययक का आर्थिक वर्गीकरण सर्वप्रथम वर्ष 1965–66 में अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। वर्ष 1966–67 से आर्थिक वर्गीकरण के साथ–साथ प्रयोजनात्मक प्रभावों का अध्ययन करने के उद्देश्य से कार्यात्मक वर्गीकरण भी आरम्भ किया गया। केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय का अर्थ प्रभाग, केन्द्र सरकार के आय–व्ययक का आर्थिक वर्गीकरण 1957–58 से तथा आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 1967–68 से तैयार कर रहा है। प्रदेश में यह कार्य अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान द्वारा राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार नई दिल्ली से प्राप्त दिशा–निर्देश एवं वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की आवश्यकताओं के अनुसार किया जा रहा है।

प्रस्तुत प्रकाशन में राज्य सरकार के वर्ष 2022–23 के आय–व्ययक में दिये गये वर्ष 2020–21 के वास्तविक व्यय, वर्ष 2021–22 के पुनरीक्षित व्यय तथा वर्ष 2022–23 के आय–व्ययक अनुमानों की विभिन्न मदों को पुर्नवर्गीकृत एवं पुनः समूहीकृत कर उनका विश्लेषण कर आर्थिक व कार्यात्मक वर्गीकरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

आय–व्ययक के आर्थिक वर्गीकरण के अर्न्तगत मुख्य रुप से वस्तुओं एवं सेवाओं के लेन–देन एवं अंतरण, वित्तीय परिसम्पत्तियों में परिवर्तन तथा वित्तीय दायित्वों में परिवर्तन के विभिन्न मदों के अधीन व्यय अनुमान दर्शाये गये हैं तथा कार्यात्मक वर्गीकरण के अर्न्तगत व्यय की मदों को कार्य के आधार पर विभिन्न नौ भागों यथा सामान्य सेवायें, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण, आवास एवं सामुदायिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक, आर्थिक एवं अन्य सेवाओं में बांटते हुये चालू व्यय एवं पूंजीगत व्यय/परिव्यय का आंकलन दर्शाया गया है।

आशा है प्रस्तुत अंक पूर्व अंकों की भांति प्रशासकों, अर्थशास्त्रियों, नीतिनिर्धारकों एवं वित्तीय संस्थानों के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा ।

लखनऊ
दिनांकः 30.12.2022

(अमृत त्रिपाठी)
निदेशक, अर्थ एवं संख्या।

प्रकाशन से सम्बन्धित अधिकारी एवं सहायक

श्री अमृत त्रिपाठी	निदेशक

प्रावैधिक मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण

श्रीमती मालोविका घोषाल	अपर निदेशक
श्रीमती अलका बहुगुणा ढौंडियाल	संयुक्त निदेशक
श्रीमती शालू गोयल	उप निदेशक
डॉ0 राजेश कुमार चौहान	अर्थ एवं संख्याधिकारी
डॉ0 प्रियंका सिंह भदौरिया	अर्थ एवं संख्याधिकारी

पाण्डुलिपि संरचना, समन्वय, टंकण एवं परिनिरीक्षण

श्रीमती सन्जूलता अवस्थी	अपर साँख्यिकीय अधिकारी
श्री बिरेन्द्र कुमार मौर्य	अपर साँख्यिकीय अधिकारी
श्री विवेक बाजपेयी	अपर साँख्यिकीय अधिकारी
श्रीमती आभा	वरिष्ठ सहायक

ग्राफ/चार्ट, मानचित्र एवं कवरपृष्ठ के कार्य

श्री शिव शंकर यादव	मुख्य ग्राफ आर्टिस्ट
श्री लक्ष्मी प्रसाद	वरिष्ठकलाकार

विषय–सूची

भाग–1 आर्थिक वर्गीकरण

अध्याय	पृष्ठ–संख्या
1. भूमिका	1–4
2. लेखा विवरण	5–14
3. सामंजस्य	15–18
4. कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष	19–26
5. लेखाओं पर टिप्पणी	27–36

भाग–2 कार्यात्मक वर्गीकरण

6. (1) आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण	37
(2) कार्यात्मक वर्गीकरण के सिद्धान्त	37–38
(3) सारणियाँ	39–59
7. कार्यात्मक वर्गीकरण पर टिप्पणी	60–64
परिशिष्ट–1	
(अ)कार्यात्मक वर्गीकरण तथा विकासगत एवं अविकासगत व्यय	65–66
(ब)कार्यात्मक वर्गीकरण तथा विकासगत एवं अविकासगत व्यय का प्रतिशत वितरण	67–68

भाग–1
आर्थिक वर्गीकरण

अध्याय–1
भूमिका

1.1–आय–व्ययक राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण वार्षिक वित्तीय अभिलेख है, जिसमे सरकार के विभिन्न स्त्रोतों से आय तथा व्यय की मदों की धनराशि का स्पष्ट उल्लेख रहता है। इसमे प्रदेश सरकार के समस्त वित्तीय लेन–देन का पूर्ण विवरण प्रत्येक वर्ष आय–व्ययक स्मृति–पत्र और ब्योरेवार अनुमान एवं अनुदान में प्रस्तुत किया जाता है जिसमें क्रमागत तीन वर्षो, गत वर्ष के वास्तविक, चालू वर्ष के पुनरीक्षित तथा आय–व्ययक वर्ष के अनुमानित आय एवं व्यय का विवरण दिया जाता है। इन अभिलेखों में संविधान के प्राविधानों एवं वैधानिक नियत्रंक की आवश्यकता के अनुसार समस्त प्राप्तियों एवं संवितरणों का वर्णन निर्धारित लेखा शीर्षकों के अर्न्तगत रहता है। इस प्रकार आय–व्ययक केवल वैधानिक नियत्रंण, प्रशासनिक उत्तरदायित्व एवं लेन–देन के लेखा सम्परीक्षा सम्बंधी सीमित उद्देश्य की पूर्ति करता है।

1.2– इन वित्तीय आंकड़ों के प्रयोग का महत्व बढ़ने के साथ आय–व्ययक सम्बंधी आंकड़ों एवं तथ्यों के प्रस्तुतीकरण के विधि–विधान में काफी परिवर्तन एवं सुधार किये गये हैं। फिर भी आय–व्ययक में दिये गये आंकड़ों का वर्तमान प्रणाली से विभिन्न लेन–देनों के आर्थिक प्रभाव का सरलता से सम्पूर्ण ज्ञान प्राप्त नही हो पाता है। उदाहरणार्थ आय–व्ययक सम्बंधी संसाधनों से पूंजी निर्माण, राज्य सरकार की बचत, सरकार द्वारा राज्य आय में अंशदान, राज्य सरकार के आय–व्ययक सम्बंधी लेन–देन से घाटे के परिणाम का ज्ञान, राज्य के आय–व्ययक से नही हो पाता है। इसी प्रकार कुछ विभागों द्वारा चलाये गये वाणिज्यिक उपक्रमों के कार्यवाहक व्यय से उत्पादन की लागत का बोध तो होता है किन्तु "अन्तिम वस्तुओं एवं सेवाओं" पर किये गये व्यय का कोई संकेत नहीं मिलता है। अतः इसे राज्य सरकार के कुल व्यय में शामिल नहीं होना चाहिये ।

1.3–राज्य सरकार के आय–व्ययक में प्रस्तावित व्यय की मदों को मुख्यतः चालू खपत सम्बंधी व्यय, पूंजी निर्माण और वित्तीय निवेश आदि के रुप में बांटा जाता है। आय–व्ययक से इस बात का ज्ञान सुगमता से नहीं हो पाता है कि किसी विशेष योजना के अर्न्तगत चालू खपत सम्बंधी व्यय तथा पूंजी अथवा व्यवस्था सम्बंधी व्यय पृथक–पृथक कितना है। उदाहरण के लिये खपत सम्बंधी व्यय में प्रशासनिक व्यय के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक व्यवस्था भी सम्मिलित रहती है जिसका विकास में उतना ही योगदान है जितना वस्तुगत पूंजी निर्माण का

होता है। विकासशील अर्थ व्यवस्था में राजकीय व्यय का एक महत्वपूर्ण योगदान है अतः राजकीय लेन–देन का अर्थ व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर पड़ने वाले प्रभाव एवं शेष अर्थ व्यवस्था के अन्य खण्डों से उपलब्ध तत्सम्बंधी प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना आवश्यक हो जाता हैं। शेष अर्थ व्यवस्था से तात्पर्य राज्य सरकार के अतिरिक्त अन्य सभी संस्थाओं– जैसे– केन्द्रीय सरकार, अन्य राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, निजी वाणिज्यिक निगमों, कम्पनियों और व्यक्तियों से है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु राज्य सरकार के आय–व्ययक का आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण किया जाता है। आर्थिक वर्गीकरण में समस्त सरकारी व्योरेवार व्यय को पृथक करके उनको अर्थ पूर्ण आर्थिक श्रेणियों अर्थात् खपत, पूंजी निर्माण, वित्तीय निवेश आदि के रुप में वर्गीकृत किया गया है जबकि कार्यात्मक वर्गीकरण में व्ययों को सम्बंधित योजनाओं जैसे प्रशासन, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आर्थिक सेवाओं आदि के अर्न्तगत बांटकर दिया गया है।

1.4–उत्तर प्रदेश सरकार के आय–व्ययक सम्बंधी लेन–देन के आर्थिक प्रभाव को सुगमता पूर्वक समझने के उद्देश्य से आय–व्ययक का आर्थिक वर्गीकरण सर्वप्रथम वर्ष 1965–66 में अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। वर्ष 1966–67 से आर्थिक वर्गीकरण के साथ–साथ प्रयोजनात्मक प्रभावों का अध्ययन करने के उद्देश्य से कार्यात्मक वर्गीकरण भी आरम्भ किया गया। केन्द्रीय सरकार के वित्त मंत्रालय का अर्थ प्रभाग, केन्द्रीय सरकार के आय–व्ययक का आर्थिक वर्गीकरण 1957–58 से तथा आर्थिक एवं कार्यात्मक वर्गीकरण वर्ष 1967–68 से तैयार कर रहा है।

1.5–इस प्रकाशन में अध्ययन का विषय क्षेत्र वर्ष 2021–2022 के आय–व्ययक के समान ही है, अर्थात् वर्ष 2022–2023 के लिये आय–व्ययक में दिये गये वर्ष 2020–2021 के वास्तविक व्यय, वर्ष 2021–2022 के पुनरीक्षित अनुमान तथा वर्ष 2022–2023 के आय–व्ययक अनुमानों के विभिन्न मदों को पुर्नवर्गीकरण एवं पुनः समूहीकृत करके उनका विश्लेषण कर उन्हें आर्थिक वर्गीकरण के साथ–साथ कार्यात्मक वर्गीकरण के रुप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

1.6–राज्य सरकार के समस्त लेन–देन को वर्गीकृत एवं समूहीकृत करने हेतु राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित रीति विधान को अपनाया गया है और भारत सरकार द्वारा गठित क्षेत्रीय लेखा समिति की अन्तिम रिपोर्ट में दी गई संस्तुतियों के आधार पर इसे संशोधित भी किया गया है। वर्ष 1983–84 में राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय द्वारा आयोजित

कार्यशाला में हुये विचार–विमर्श को ध्यान में रखते हुये पुस्तिका के विवरणों में आवश्यक संशोधन पुनः किये गये। उदाहरणार्थ परिवहन एवं संचार के अनुरक्षण एवं मरम्मत सम्बंधी व्यय का आधा पूंजीगत तथा आधा भाग खपत सम्बंधी व्यय माना गया। वर्गीकरण हेतु अपनायी गयी प्रणाली के अनुसार एक ओर चालू लेन–देन को पूंजीगत लेन–देन से पृथक किया गया तथा दूसरी ओर 'वस्तुओं और सेवाओं' में लेन–देन को अन्तरण से पृथक कर दिया गया। इसी प्रकार राजकीय प्रशासन से चालू लेन–देन विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों के चालू लेन–देन से पृथक कर दिया गया क्योंकि राजकीय प्रशासन के 'वस्तुओं और सेवाओं' पर चालू व्यय अन्तिम परिव्यय है जबकि वाणिज्यिक उपक्रमों के चालू व्यय अन्तर्वर्ती व्यय है– जैसे कच्चा माल, ईधन इत्यादि के मूल्य । इसी प्रकार शुद्ध विभागीय लेन–देन को भी 'वस्तुओं और सेवाओं' में लेन–देन एवं अन्तर से पृथक कर दिया गया।

राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधिकारियों से अगस्त, 1986 में हुये विचार विमर्श के अनुसार कार्यात्मक वर्गीकरण की मदों में कुछ संशोधन किये गये जिसके अनुसार पूर्व वर्षों में प्रस्तुत मद–5 सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण सम्बंधी सेवाओं को दो उपमदों "समाज कल्याण सेवायें" तथा "समाज सुरक्षा सेवाओं" में विभक्त कर दिया गया।

मद–8.5 परमाणविक ऊर्जा की मद अतिरिक्त मद के रुप में जोड़ी गई। इसी प्रकार मद–9 अन्य सेवाओं को दो उपमदों "विपदा सहायता" तथा "अन्य विविध कार्य" में विभक्त कर प्रस्तुत किया गया है।

राष्ट्रीय लेखा सलाहकार समिति की दिनांक 3 से 5 जून, 1987 की बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुसार वर्गीकरण में कुछ मुख्य परिवर्तन किये गये। स्कूल के बच्चों को भोजन एवं पौष्टिक आहार पर किये गये व्यय तथा गुप्त सेवा व्यय को वस्तुओं एवं सेवाओं पर व्यय न मानकर चालू अन्तरण माना गया तथा आर्थिक वर्गीकरण के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया। इसी प्रकार पशु स्वास्थ्य सेवाओं पर किये गये व्यय को कार्यात्मक वर्गीकरण के अन्तर्गत आर्थिक सेवा न मानकर स्वास्थ्य सेवाओं के अन्तर्गत वर्गीकरण किया गया। अभी तक सम्पूर्ण पेंशन राशि को सरकारी प्रशासन के अन्तर्गत माना जाता रहा था, जिसे अब सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के वेतन और मजदूरी पर हुये व्यय के अनुपात में विभाजित कर दिया गया। इसे पुनः कार्यात्मक वर्गीकृत मदों के वेतन और मजदूरी सम्बंधी व्यय के अनुपात में

विभाजित किया गया। विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के चालू खाते में वस्तुओं और सेवाओं पर हुये व्यय में से किराये की राशि को अलग कर अतिरिक्त मद के रुप में प्रस्तुत किया गया।

1.7—राज्य सरकार के आय—व्ययक सम्बंधी समस्त लेन—देनों को निम्न 6 प्रमुख लेखाओं में पुनर्गठित किया गया है। प्रत्येक लेखा में दो पक्ष है— आय पक्ष तथा व्यय पक्ष।

लेखा 1—वस्तुओं और सेवाओं के लेन—देन और अन्तरण	—सरकारी प्रशासन का चालू खाता।
लेखा 2—वस्तुओं और सेवाओं के लेन—देन और अन्तरण	—विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का चालू खाता।
लेखा 3—वस्तुओं और सेवाओं के लेन—देन और अन्तरण	—सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता।
लेखा 4—वित्तीय परिसम्पत्तियों में परिवर्तन	—सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता।
लेखा 5— वित्तीय दायित्वों में परिवर्तन	—सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता।
लेखा 6—सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का रोकड़ एवं पूंजी समाधान खाता।	

1.8—प्रस्तुत पुस्तिका में आय—व्ययक के कार्यात्मक वर्गीकरण के अनुसार विभिन्न मदों के अन्तर्गत वास्तविक व्यय एवं उसका प्रतिशत वितरण तथा विकासगत एवं अविकासगत व्यय के वास्तविक एवं प्रतिशत वितरण सम्बंधी वर्ष 2012—2013, 2013—2014, 2014—2015, 2015—2016, 2016—2017, 2017—2018, 2018—2019, 2019—2020 तथा 2020—2021 के आकड़ों की तुलनात्मक स्थिति परिशिष्ट के रुप में दिखायी गयी है।

अध्याय–2
लेखा विवरण

2.1–आय–व्ययक सम्बंधी लेन–देन का पुर्नवर्गीकरण तथा पुनः समूहीकरण करके जिन 6 लेखाओं को प्रस्तुत किया गया है उन्हें देखने से स्पष्ट है कि लेखा–1 से 3 सरकार के वस्तुओं और सेवाओं तथा अन्तरणों के लेन–देन से सम्बंधित हैं। लेखा–1 के व्यय पक्ष में सरकार के खपत सम्बंधी व्यय तथा चालू अन्तरण का ब्यौरा दिया गया है, जिसमें खपत सम्बंधी व्यय के अन्तर्गत मजदूरी व वेतन एवं पेंशन तथा वस्तुओं और सेवाओं के क्रय को अलग–अलग दर्शाया गया है। इस लेखा के आय पक्ष में सरकार के प्रत्यक्ष कर, अप्रत्यक्ष कर, उद्यमों एवं सम्पत्तियों से आय, परिवारों से अन्तरण तथा केन्द्रीय सरकार से प्राप्त अनुदान का ब्यौरा दिया गया है। लेखा–2 में राज्य सरकार के विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों जैसे– वन, सिंचाई, दुग्ध विकास, राजकीय मुद्रणालय तथा उद्योग द्वारा उत्पादन व्यय एवं प्राप्ति का ब्यौरा दिया गया है। लेखा–3 में विभिन्न मदानुसार सरकारी प्रशासन व विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के पूंजी व्यय तथा पूंजी अन्तरण का विवरण दिया गया है।

2.2–लेखा– 4 से 6 तक सरकार के समस्त वित्तीय लेन–देनों का ब्यौरा दिया गया है जो शेष अर्थ व्यवस्था पर सरकार के शुद्ध वित्तीय दायित्वों को दर्शाता है। लेखा–4 में वित्तीय परिसम्पत्तियों में शुद्ध वृद्धि सम्बंधी समस्त लेन–देनों को वर्गीकृत किया गया है जिसमें अंशकों में निवेश, पूंजी निर्माण हेतु ऋण एवं अग्रिम, चालू खपत हेतु ऋण एवं अग्रिम आदि सम्मिलित हैं। लेखा–5 सरकार के वित्तीय दायित्वों को दर्शाता है। जिसमें सार्वजनिक ऋण, निक्षेप तथा विप्रेषण सम्मिलित किया गया है। लेखा–6 सरकारी प्रशासन तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का रोकड़ एवं पूंजी का समाधान खाता है। यह खाता लेखा–3, 4, 5 की शुद्ध स्थिति का समावेश करते हुये राज्य सरकार के रोकड़ स्थिति से सम्बंधित समस्त लेन–देन के प्रभाव को दर्शाता है।

2.3–उपरोक्त 6 लेखा आगे के पृष्ठों पर दिये गये हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार
लेखा–1
वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन और अन्तरण सरकारी प्रशासन का चालू खाता

(लाख रुपयों में)

व्यय	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
1– खपत सम्बंधी व्यय–	**11494859**	**14384026**	**19312078**
1.1– कर्मचारियों को प्रतिकर	**9560483**	**11041061**	**14921256**
(क) मजदूरी और वेतन	5115952	6078770	7790557
(ख) पेंशन	4444531	4962291	7130699
1.2– वस्तुओं और सेवाओं का शुद्ध क्रय–	**1934376**	**3342965**	**4390822**
(क) वस्तुओं और सेवाओं का क्रय*	2247363	3721912	5153889
(ख) घटाइयें–वस्तुओं और सेवाओं का विक्रय	312987	378947	763067
2– अन्तरण अदायगियां–	**16358157**	**18551155**	**22023746**
2.1– ब्याज	**3702704**	**4052363**	**4400686**
2.2– अनुदान–	**9513311**	**9965317**	**13330897**
(क) स्थानीय निकायों को	1757027	1896588	2188765
(ख) सहकारी संस्थाओं को	71	0	0
(ग) शिक्षा संस्थाओं को	5259793	5319223	6815639
(घ) अन्य संस्थाओं	2496420	2749506	4326493
2.3– राज सहायता**	**2069601**	**3222251**	**2449540**
2.4– अन्य चालू अन्तरण	**1072541**	**1311224**	**1842623**
3– चालू खाते में बचत	171967	2490970	4980475
4– योग	**28024983**	**35426151**	**46316299**

राजस्व	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
5	6	7	8
5– कर राजस्व–	22624460	27298931	36384443
5.1– प्रत्यक्ष कर	6562021	6578785	9079503
(क) केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा	3307946	3303087	4417757
(ख) राज्य कर	3254075	3275698	4661746
5.2– अप्रत्यक्ष कर–	16062439	20720146	27304940
(क) केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा	3742570	4356006	5244996
(ख) राज्य कर	12319869	16364140	22059944
6– उद्यमों और सम्पत्तियों से आय–	312176	273171	825995
6.1– विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से लाभ	0	0	0
6.2– विनियोग से आय	10483	12709	10000
6.3– राज्य विद्युत परिषद् से ब्याज की प्राप्तियां	0	0	0
6.4– ब्याज की प्राप्तियां	23670	12409	12670
6.5– सम्पत्तियों से अन्य आय	278023	248053	803325
7– परिवारों से अन्तरण	6192	7477	15963
8– राजस्व अनुदान, अंशदान एवं शेष अर्थ व्यवस्था से वसूलियां	5082155	7846572	9089898
9– योग	28024983	35426151	46316299

* 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 में राजकीय मुद्रणालय की हानियों का अभ्यारोपित मूल्य क्रमशः 8209 लाख रु0, 20667 लाख रु0 एवं 25614 लाख रु0 के बराबर मानकर प्रशासनिक खपत सम्बंधी व्यय में शामिल कर लिया गया है।

** 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 में वानिकी, उद्योग तथा सिंचाई प्रतिष्ठानों की हानियों का अभ्यारोपित मूल्य क्रमशः 901915 लाख रु0, 1207259 लाख रु0 एवं 1355317 लाख रु0 राज सहायता मान कर सम्मिलित कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार
लेखा–2
वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन और अन्तरण –विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का चालू खाता

(लाख रुपयों में)

व्यय	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
1– मजदूरी और वेतन	613483	833086	1116838
2– वस्तुएं और सेवाएं	324017	366857	357913
3– किराया	0	0	0
4– मरम्मत और अनुरक्षण	62736	93362	98958
5– ब्याज	68227	67890	67890
6– अवमूल्यन के लिये व्यवस्था	0	0	0
7– ग्रहीत लाभ	0	0	0
8– सरकारी प्रशासन के चालू खाते में अन्तरित लाभ	0	0	0
9– योग	**1068463**	**1361195**	**1641599**

राजस्व	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
5	6	7	8
10– विक्रय से आय–	**1068463**	**1361195**	**1641599**
(क) वन*	**94398**	**123212**	**164240**
(ख) सिंचाई**	**956586**	**1216742**	**1446127**
(ग) दूध सम्पूर्ति	**0**	**0**	**0**
(घ) राजकीय मुद्रणालय #	**17479**	**21241**	**31232**
(ड.) उद्योग ##	**0**	**0**	**0**
11– अवमूल्यन रक्षित निधि पर ब्याज	**0**	**0**	**0**
12– योग	**1068463**	**1361195**	**1641599**

*वानिकी द्वारा वर्ष 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 में उठायी गयी हानियों का अभ्यारोपित मूल्य क्रमशः 62702 लाख रु0, 89712 लाख रु0 एवं 103190 लाख रु0 सम्मिलित है।

**सिंचाई प्रतिष्ठानों द्वारा वर्ष 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 में उठायी गयी हानियों का अभ्यारोपित मूल्य क्रमशः 839213 लाख रु0, 1117547 लाख रु0 एवं 1252127 लाख रु0 सम्मिलित है।

#राजकीय मुद्रणालय द्वारा वर्ष 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 में उठायी गयी हानियों का अभ्यारोपित मूल्य क्रमशः 8209 लाख रु0, 20667 लाख रु0 एवं 25614 लाख रु0 सम्मिलित है।

##औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा वर्ष 2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 में उठायी गयी हानियों का अभ्यारोपित मूल्य क्रमशः 0 लाख रु0, 0 लाख रु0 एवं 0 लाख रु0 सम्मिलित है।

उत्तर प्रदेश सरकार
लेखा–3
वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन और अन्तरण–सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता

(लाख रुपयों में)

संवितरण	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
1– सकल पूंजी निर्माण–	**3884281**	**8133459**	**10187626**
(अ)– सरकारी प्रशासन द्वारा	**3561476**	**7614984**	**9577939**
1.1– भवन तथा अन्य निर्माण–	**3679697**	**7335877**	**9136683**
क– भवन निर्माण–	**1241549**	**2783848**	**2554633**
(1)– नया परिव्यय	1241549	2783848	2554633
(2)– नवीकरण एवं प्रतिस्थापन	0	0	0
ख– अन्य निर्माण–	**2438148**	**4552029**	**6582050**
(1)– नया परिव्यय	2438148	4552029	6582050
(2)– नवीकरण एवं प्रतिस्थापन	0	0	0
1.2– मशीन एवं उपकरण–	**139068**	**278754**	**440796**
(1)– नया परिव्यय	139068	278754	440796
(2)– नवीकरण एवं प्रतिस्थापन	0	0	0
1.3– तालिकागत सामान में शुद्ध वृद्धि–	**-257289**	**353**	**460**
(1)– निर्माण सम्बंधी सामान	4596	0	0
(2)– अन्न, उर्वरक आदि का भण्डार	-261885	353	460
(ब)– वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों द्वारा	**322805**	**518475**	**609687**
1.4– भवन तथा अन्य निर्माण–	**319827**	**513691**	**605338**
क– भवन निर्माण–	**650**	**1440**	**1156**
(1)– नया परिव्यय	650	1440	1156
(2)– नवीकरण एवं प्रतिस्थापन	0	0	0
ख– अन्य निर्माण–	**319177**	**512251**	**604182**
(1)– नया परिव्यय	319177	512251	604182
(2)– नवीकरण एवं प्रतिस्थापन	0	0	0
1.5– मशीन एवं उपकरण–	**3424**	**4784**	**4349**
(1)– नया परिव्यय	3424	4784	4349
(2)– नवीकरण एवं प्रतिस्थापन	0	0	0
1.6– तालिकागत सामान में शुद्ध वृद्धि	**-446**	**0**	**0**
2– पूंजी अन्तरण–	**1292264**	**1570595**	**2583413**
2.1– पूंजी अनुदान स्थानीय निकायों को	218020	345940	647375
2.2– पूंजी अनुदान अन्य को	1074244	1224655	1936038
2.3– जमींदारों और जागीरदारों आदि को प्रतिकर	0	0	0
3– योग	**5176545**	**9704054**	**12771039**

प्राप्तियाँ	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
5	6	7	8
4– सकल बचत–	171967	2490970	4980475
4.1– सरकारी प्रशासन के चालू खाते में बचत	171967	2490970	4980475
4.2– विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से अवमूल्यन के लिये व्यवस्था	0	0	0
4.3– विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का ग्रहीत लाभ	0	0	0
5– पूंजी अन्तरण–	976848	1693539	2323124
5.1– सम्पदा शुल्क	0	0	0
5.2– भारत सरकार तथा अन्य राज्यों से पूंजीगत अनुदान, अंशदान और प्राप्तियां	976848	1693539	2323124
6– वस्तुओं और सेवाओं से सम्पूर्ण लेन–देन और अन्तरणों में शेष	4027730	5519545	5467440
7– योग	5176545	9704054	12771039

उत्तर प्रदेश सरकार
लेखा–4
वित्तीय परिसम्पत्तियों में परिवर्तन
सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
क– व्यय–			
1– निवेश	**1194226**	**1321544**	**1664426**
1.1– राजकीय उपक्रमों में	1194226	1321544	1664426
1.2– अन्य उपक्रमों में	0	0	0
2– ऋण एवं अग्रिम–	**115261**	**210419**	**294678**
2.1– पूंजी निर्माण हेतु	**16221**	**63102**	**67598**
(क) सहकारिता को	5000	10500	13882
(ख) स्थानीय निकायों को	0	20000	20000
(ग) राज्य विद्युत परिषद को	0	0	0
(घ) सार्वजनिक उद्यमों को	9259	27558	28672
(ड) अन्य को	1962	5044	5044
2.2– चालू खपत हेतु–	**99040**	**147317**	**227080**
(क) सहकारिता को	59500	83937	140000
(ख) स्थानीय निकायों को	0	0	0
(ग) सार्वजनिक उद्यमों को	39060	62900	86600
(घ) अन्य को	480	480	480
3– योग	**1309487**	**1531963**	**1959104**
ख– आय–			
4– ऋणों की वसूलियां	113473	233200	256500
5– शेष–वित्तीय परिसम्पत्तियों में शुद्ध वृद्धि	1196014	1298763	1702604
6– योग	**1309487**	**1531963**	**1959104**

उत्तर प्रदेश सरकार
लेखा–5
वित्तीय दायित्वों में परिवर्तन
सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 20201–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
क– व्यय–			
1– सार्वजिनक ऋणों की वापसी–	**2677749**	**2873298**	**3256329**
1.1– स्थायी ऋण	1200032	1583055	1950000
1.2– केन्द्रीय सरकार से ऋण	160348	159727	159717
1.3– अन्य ऋण	1317369	1130516	1146612
2– शेष–वित्तीय दायित्वों में शुद्ध वृद्धि	5213849	5975887	5313318
3– योग	**7891598**	**8849185**	**8569647**
ख– आय–			
4– सार्वजनिक ऋण	**8685887**	**8895440**	**8917400**
4.1– स्थायी ऋण	7550000	7397200	7415000
4.2– केन्द्रीय सरकार से ऋण	818147	1172300	250000
4.3– अन्य ऋण	317740	325940	252400
4.4– अल्पकालीन ऋण (शुद्ध)	0	0	1000000
5– अनिधिबद्व ऋण (शुद्ध)	**106240**	**170360**	**170360**
6– अर्न्तराज्यीय उचन्त लेखा (शुद्ध)	**-239**	**0**	**0**
7– अन्य– ऋण, निक्षेप एवं विप्रेषण (शुद्ध)	**-900290**	**-216615**	**-518113**
8– योग	**7891598**	**8849185**	**8569647**

उत्तर प्रदेश सरकार
लेखा–6
सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का रोकड़ एवं पूंजी

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
क– व्यय–			
1– वस्तुओं और सेवाओं के सब लेन–देन और अन्तरणों पर घाटा (सन्तुलनकारी मद, लेखा–3)	4027730	5519545	5467440
2– वित्तीय परिसम्पत्तियों में शुद्ध वृद्धि (सन्तुलनकारी मद, लेखा–4)	1196014	1298763	1702604
3– रोकड़ बाकी में वृद्धि	-9895	-842421	-1856726
4– योग	**5213849**	**5975887**	**5313318**
ख– आय–			
5– वित्तीय दायित्वों में शुद्ध वृद्धि (सन्तुलनकारी मद, लेखा–5)	5213849	5975887	5313318
6– रोकड़ बाकी में कमी	0	0	0
7– योग	**5213849**	**5975887**	**5313318**

अध्याय–3
सामंजस्य (रिकन्सिलेशन)

आय–व्ययक (वित्तीय विवरणी) में दिये गये राजस्व और व्यय के योग आर्थिक वर्गीकरण में दिये गये योगों से नहीं मिलते हैं। उदाहरणार्थ सामान्य आय–व्ययक में वर्ष 2022–2023 के लिये राजस्व लेखा की प्राप्तियां 499212.71 करोड़ रुपये रखी गयी है जबकि इस वर्गीकरण के लेखा–1 में राजकीय प्रशासन का इस वर्ष के लिये चालू राजस्व 463162.99 करोड़ रुपये निकाला गया है। इसी प्रकार वर्ष 2022–2023 के लिये राजस्व लेखा से वाह्य राजकीय पूंजीगत व्यय 123919.85 करोड़ रुपये हैं, जबकि यही धनराशि इसी वर्गीकरण के लेखा–3 में 127710.39 करोड़ रुपये है। इस वर्गीकरण के अनुसार विभिन्न अतिरेक तथा बचत आय–व्ययक में दिखाये गये अतिरेक एवं बचतों से भिन्न है। उदाहरणार्थ आय–व्ययक का राजस्व लेखा 43123.65 करोड़ रुपये की बचत इंगित करता है, जबकि आर्थिक वर्गीकरण में राजकीय प्रशासन (लेखा–1) का चालू खाता 49804.75 करोड़ रुपये का बचत प्रदर्शित करता है। सामान्य आय–व्ययक के पुनः वर्गीकरण के परिणाम स्वरुप उपरोक्त प्रकार की विषमताओं को देखते हुये यह आवश्यक हैं कि इन विषमताओं की व्याख्या की जाय। इसी उद्देश्य से आर्थिक वर्गीकरण के आंकड़ों का सामान्य आय–व्ययक में दिये गये राजस्व व्यय तथा पूंजी लेखा के आंकड़ों से सामन्जस्य प्रस्तुत किया गया है। यह सामन्जस्य प्राप्तियों और व्ययों के अपेक्षित अनुमान की तुलना के साथ–साथ पुनः वर्गीकरण में निहित समायोजनों को भी संक्षेप में प्रस्तुत करता है। यह सामन्जस्य अनुवर्ती सारणियों में दिखाया गया है।

सारणी–3.1

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
चालू लेखा–राजस्व			
1–राजस्व जैसा कि वित्तीय विवरण में दिखाया गया है	**29617633**	**37873140**	**49921271**
2– घटाइये–	**1592650**	**2446989**	**3604972**
(1) पूंजी लेखा में अतिरिक्त सम्पदा शुल्क	0	0	0
(2) भूमि और सम्पत्ति का विक्रय	5851	3890	12676
(3) वस्तुओं और सेवाओं के विक्रय से प्राप्ति जिनकों व्यय में से घटा दिया गया	312987	378947	763067
(4) भारत सरकार से प्राप्त एवं पूंजी लेखा में अन्तरित पूंजी प्रकृति के अनुदान	976848	1693539	2323124
(5) निधियों से प्राप्तियां	0	0	0
(6) रोकड़ शेष के विनियोजन खाते पर ब्याज	24967	130422	130422
(7) विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की बिक्री से आय	159702	132966	260040
(8) विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से ब्याज की प्राप्तियां	68227	67890	67890
(9) पेंशन सम्बंधी अंशदान और वसूलियां	44068	39335	47753
3– जोड़िये–	**0**	**0**	**0**
(1) राजस्व अनुदान, अंशदान एवं वसूलियां जो राजस्व की प्राप्तियों के रुप में दिखाई गई	0	0	0
(2) विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का लाभ	0	0	0
(3) अन्य प्रकीर्ण मदें	0	0	0
4– कुल समायोजन	**-1592650**	**-2446989**	**-3604972**
5– आर्थिक वर्गीकरण में दिखाया गया राजकीय प्रशासन का चालू राजस्व (लेखा–1, मद–9)	**28024983**	**35426151**	**46316299**

सारणी–3.2

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
चालू लेखा– व्यय–			
1– वित्तीय विवरणों में दिखाये गये राजस्व सम्बंधी व्यय	**29854346**	**35662421**	**45608906**
2– घटाइये–	**2001330**	**2757240**	**4303082**
(1) वस्तुओं एवं सेवाओं के विक्रय से प्राप्ति	312987	378947	763067
(2) ऋण कम करना अथवा उसके परिहार के लिये विनियोग	100000	136000	250000
(3) विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से ब्याज की वसूलियों को प्राप्तियां न मानना	68227	67890	67890
(4) रोकड़ शेष विनियोजन खाता पर ब्याज	24967	130422	130422
(5) राजस्व लेखा में पूंजी जैसा व्यय	1151293	1409797	2084419
(6) विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का चालू शुद्ध व्यय	159702	132966	260040
(7) पूंजी लेखा में लेखा पालन सम्बंधी अन्तरण	1618	1628	1737
(8) निधियों में अन्तरण (निधियों के अन्तरण के समायोजन के पश्चात्)	138468	460255	697754
(9) पेशन सम्बंधी अंशदान और वसूलियां	44068	39335	47753
3– जोड़िये–	**0**	**30000**	**30000**
(1) पूंजी लेखा में राजस्व जैसा व्यय	0	30000	30000
(2) राजस्व अनुदान, अंशदान एवं वसूलियां जो कि राजस्व प्राप्तियों के रुप में दिखाई गई	0	0	0
(3) अन्य प्रकीर्ण मदें	0	0	0
4– कुल समायोजन	**-2001330**	**-2727240**	**-4273082**
5– आर्थिक वर्गीकरण में दिखाया गया राजकीय प्रशासन का चालू व्यय (लेखा–1, मद 12)	**27853016**	**32935181**	**41335824**

सारणी–3.3

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
पूंजी लेखा– व्यय–			
1– वित्तीय विवरण में दिखाया गया राजस्व से चुकाया जाने वाला पूंजीगत व्यय	**5223711**	**9648063**	**12391985**
2– घटाइये–	**1200077**	**1355434**	**1707102**
(1) वित्तीय निवेश	1194226	1321544	1664426
(2) पूंजी लेखा में राजस्व जैसा व्यय	0	30000	30000
(3) विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों का चालू व्यय	0	0	0
(4) राजस्व प्राप्तियों में से भूमि और सम्पत्ति की विक्रय राशि को घटाया जाना	5851	3890	12676
3– जोड़िये–	**1152911**	**1411425**	**2086156**
(1) राजस्व लेखे से चुकाया जाने वाला पूंजी व्यय	1151293	1409797	2084419
(2) विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के राजस्व लेखा से चुकाया जाने वाला पूंजीगत व्यय	1618	1628	1737
(3) वसूलियों के लिये बजट में व्यय को पूरा करना	0	0	0
(4) निधियों से अन्तरण	0	0	0
(5) अन्य प्रकीर्ण मदें	0	0	0
4– कुल समायोजन	**-47166**	**55991**	**379054**
5– आय–व्ययक के आर्थिक वर्गीकरण में दिखाया गया पूंजीगत व्यय (लेखा–3, मद–3)	**5176545**	**9704054**	**12771039**

अध्याय–4
कुछ महत्वपूर्ण निष्कर्ष

4.1–गत पृष्ठों में वर्णित लेखाओं में प्रदेश की शेष अर्थ–व्यवस्था की तुलना में राज्य सरकार के लेन–देनों के विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया है। इस विश्लेषण से जिन महत्वपूर्ण निष्कर्षो का पता चलता है उनमें कुछ निम्नलिखित से सम्बंधित हैंः–

(क)–राज्य सरकार का कुल व्यय तथा अन्तिम परिव्यय;
(ख)–आय–व्ययक सम्बंधी साधनों में से पूंजी निर्माण और शुद्ध पूंजी निर्माण;
(ग)–राज्य सरकार की बचत;
(घ)–राज्य सरकार के आय–व्ययक सम्बंधी लेन–देन में होने वाले घाटे के विभिन्न स्तर;
(ङ)–राज्य सरकार द्वारा आय सृजन।

(क) (1)–कुल व्यय

4.1.1– वर्ष 2022–2023 के आय–व्ययक में विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के कार्य चालन व्यय को छोड़कर राज्य सरकार का अनुमानित कुल व्यय 558094.67 करोड़ रुपये है। यह व्यय 2021–2022 के पुनरीक्षित अनुमानों से 118714.69 करोड़ रुपये तथा 2020–2021 के वास्तविक खर्च से 215838.92 करोड़ रुपये अधिक है। व्यय के मुख्य मदों के अनुसार वितरण नीचे सारणी में दिया गया हैः–

सारणी–4.1

(लाख रुपयों में)

व्यय की मदें	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–अन्तिम परिव्यय	15379140	22517485	29499704
(क)–राजकीय खपत सम्बंधी व्यय (देखिये, लेखा–1, मद–1)	11494859	14384026	19312078
(ख)–सकल पूंजी निर्माण (देखिये, लेखा–3, मद–1)	3884281	8133459	10187626
2–राज्य के शेष अर्थ–व्यवस्था में अन्तरण अदायगियां	17650421	20121750	24607159
(क)–चालू अन्तरण (देखिये, लेखा–1, मद–2)	16358157	18551155	22023746
(ख)–पूंजी अन्तरण (देखिये, लेखा–3, मद–2)	1292264	1570595	2583413
3–राज्य की शेष अर्थ–व्यवस्था में वित्तीय निवेश और ऋण (शुद्ध)(देखिये, लेखा–4, मद–5)	1196014	1298763	1702604
4–कुल व्यय (1ः3)	**34225575**	**43937998**	**55809467**

(क) (2) अन्तिम परिव्यय–

4.1.2–वर्ष 2022–2023 के लिये आय–व्ययक में 558094.67 करोड़ रुपये के अनुमानित कुल व्यय में से 294997.04 करोड़ रुपया या कुल व्यय का 52.85 प्रतिशत सरकार का अन्तिम परिव्यय है। 2021–2022 के पुनरीक्षित अनुमान एवं 2020–2021 के वास्तविक अन्तिम परिव्यय क्रमशः 225174.85 करोड़ रुपये एवं 153791.40 करोड़ रुपये है, जो कुल व्यय अर्थात् 439379.98 करोड़ रुपये एवं 342255.75 करोड़ रुपये का क्रमशः 51.24 एवं 44.93 प्रतिशत हैं। यह परिव्यय खपत और पूंजी निर्माण के लिये राज्य सरकार की वस्तुओं और सेवाओं की प्रत्यक्ष मांग को इंगित करते है। वर्ष 2022–2023 में कुल व्यय का शेष भाग 263097.63 करोड़ रुपये या 47.15 प्रतिशत अंश अन्तरण अदायगियां, वित्तीय निवेशों एवं ऋणों के रुप में शेष अर्थ–व्यवस्था को प्रदान करने के लिये अनुमानित हैं जो कि अन्य खण्डों से उनके चालू अथवा पूंजीगत प्राप्तियों को अनुपूरित करने के लिये हैं। कुल व्यय का शेष भाग वर्ष 2021–2022 (पुनरीक्षित अनुमान) और 2020–2021 (वास्तविक) के लिये क्रमशः 214205.13 करोड़ रुपये तथा 188464.35 करोड़ रुपये तथा तत्सम्बंधी प्रतिशत क्रमशः 48.76 एवं 55.07 है।

(ख) (1)–सकल पूंजी निर्माण–

4.1.3–वर्ष 2022–2023 में राज्य सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रुप से कुल पूंजी निर्माण की धनराशि 101876.26 करोड़ रुपये आंकी गयी है, जो अन्तिम परिव्यय 294997.04 करोड़ रुपये का 34.53 प्रतिशत है। यह राशि वर्ष 2021–2022 के पुनरीक्षित अनुमानों से 20541.67 करोड़ रुपये अधिक एवं 2020–2021 के वास्तविक व्यय से 63033.45 करोड़ रुपये अधिक है।

(ख) (2)–शुद्ध पूंजी निर्माण–

4.1.4–वर्ष 2022–2023 में राज्य सरकार द्वारा शुद्ध पूंजी निर्माण अर्थात् स्थिर परिसम्पत्तियों तथा तालिकागत सामानों के भण्डार में वृद्धि 101876.26 करोड़ रुपये होने का प्राविधान हैं। वर्ष 2021–2022 पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार 81334.59 करोड़ रुपये तथा 2020–2021 के वास्तविक व्यय पर आधारित 38842.81 करोड़ रुपये थे। शुद्ध पूंजी निर्माण के विभिन्न वर्गो का विवरण सारणी 4.2 में दिया गया हैः–

सारणी–4.2

(लाख रुपयों में)

पूंजी निर्माण की मदें	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–भवन तथा अन्य निर्माण कार्य (देखिये, लेखा–3, मद–1.1 क(1) ख(1) तथा 1.4 क(1)ख(1))	3999524	7849568	9742021
2–मशीन और उपकरण (देखिये, लेखा–3, मद–1.2 (1) व 1.5 (1))	142492	283538	445145
3–तालिका गत सामान में वृद्धि (देखिये लेखा–3, मद–1.3 व 1.6)	–257735	353	460
4–शुद्ध पूंजी निर्माण (1+2+3)	**3884281**	**8133459**	**10187626**

(ख) (3)–शुद्ध पूंजी निर्माण के लिये वित्तीय सहायता–

4.1.5–राज्य सरकार द्वारा किये गये शुद्ध पूंजी निर्माण के अतिरिक्त राज्य की शेष अर्थ–व्यवस्था में शुद्ध पूंजी निर्माण के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022–2023 के लिये 43154.37 करोड़ रुपये का प्राविधान है। यह सहायता 2021–2022 के लिये 29552.41 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित अनुमान)तथा 2020–2021 के लिये 25027.11 करोड़ रुपये (वास्तविक) थी। ऐसी सहायता के विभिन्न वर्गो का विवरण नीचे दिया गया हैः–

सारणी–4.3

(लाख रुपयों में)

सहायता की मदें	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–पूंजी निर्माण के लिये अनुदान (देखिये, लेखा–3,मद–2.1 व 2.2)	1292264	1570595	2583413
2–पूंजी निर्माण के लिये ऋण (देखिये लेखा–4, मद–2.1)	16221	63102	67598
3–निवेश (इन्वेस्टमेंट) (देखिये, लेखा–4, मद–1)	1194226	1321544	1664426
4–शुद्ध पूंजी निर्माण के लिये कुल वित्तीय सहायता (1+2+3)	**2502711**	**2955241**	**4315437**

(ख) (4)–राज्य सरकार के आय–व्ययक सम्बंधी साधनों से शुद्ध पूंजी निर्माण–

4.1.6–पूर्व प्रस्तरों से स्पष्ट है कि राज्य सरकार द्वारा अपने आय–व्ययक सम्बंधी साधनों से पूंजी निर्माण के लिये वर्ष 2022–2023 में कुल मिलाकर 145030.63 करोड़ रुपये की व्यवस्था अनुमानित है। यह व्यवस्था 2021–2022 के लिये 110887.00 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित अनुमान)

तथा 2020–2021 के लिये 63869.92 करोड़ रुपये (वास्तविक) थी। ये राशियां 558094.67 करोड़ रुपये, 439379.98 करोड़ रुपये और 342255.75 करोड़ रुपये के कुल व्ययों की क्रमशः 25.98 प्रतिशत, 25.23 प्रतिशत तथा 18.66 प्रतिशत है। इसकी संरचना नीचे तालिका में दिखाई गयी हैः–

सारणी–4.4

(लाख रुपयों में)

शुद्ध पूंजी निर्माण के लिये आय–व्ययक सम्बंधी संसाधन	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1– राज्य सरकार द्वारा शुद्ध पूंजी निर्माण (सारणी–4.2, मद–4)	3884281	8133459	10187626
2– शेष अर्थ व्यवस्था में शुद्ध पूंजी निर्माण के लिये वित्तीय सहायता (सारणी–4.3, मद–4)	2502711	2955241	4315437
3–आय–व्ययक सम्बंधी संसाधनों द्वारा शुद्ध पूंजी निर्माण (1+2)	**6386992**	**11088700**	**14503063**

(ग) राज्य सरकार की बचतः–

4.1.7– राज्य सरकार द्वारा 2022–2023 में राजकीय शुद्ध लाभ 49804.75 करोड़ रुपये अनुमानित है। वर्ष 2021–2022 के पुनरीक्षित अनुमानों में शुद्ध लाभ 24909.70 करोड़ रुपये तथा 2020–2021 में वास्तविक शुद्ध लाभ 1719.67 करोड़ रुपये था जैसा कि निम्न सारणी में दिखाया गया हैः–

सारणी–4.5

(लाख रुपयों में)

बचत	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1– चालू खाते की बचत (देखिये, लेखा–3, मद–4.1)	171967	2490970	4980475
2– अवमूल्यन के लिये व्यवस्था (देखिये, लेखा–3, मद–4.2)	0	0	0
3– ग्रहीत लाभ (देखिये लेखा–3, मद–4.3)	0	0	0
4– राज्य सरकार की कुल बचत (1+2+3)	171967	2490970	4980475
5– नवीकरण तथा प्रतिस्थापन पर व्यय (देखिये, लेखा–3)	0	0	0
6– राज्य सरकार की शुद्ध बचत (4–5)	**171967**	**2490970**	**4980475**

(घ) चालू प्राप्तियां (करेन्ट रिसीट्स):–

4.1.8–वर्ष 2022–2023 के लिये चालू प्राप्तियों के आय–व्ययक अनुमान 463162.99 करोड़ रुपये हैं। वर्ष 2021–2022 के लिये पुनरीक्षित अनुमान 354261.51 करोड़ रुपये एवं वर्ष 2020–2021 की वास्तविक प्राप्तियां 280249.83 करोड़ रुपये थी। इन चालू प्राप्तियों को आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण निम्न शीर्षकों के अन्तर्गत रखा जा सकता है:–

सारणी–4.6

(लाख रुपयों में)

चालू प्राप्तियां	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–करों से प्राप्तियां (देखिये, लेखा–1, मद–5)	22624460	27298931	36384443
2– उद्यमों एवं सम्पत्तियों से आय (देखिये लेखा–1, मद–6)	312176	273171	825995
3– परिवारों से अन्तरण (देखिये, लेखा–1, मद–7)	6192	7477	15963
4– राजस्व अनुदान, अंशदान एवं शेष अर्थ–व्यवस्था से वसूलियां (देखिये, लेखा–1, मद–8)	5082155	7846572	9089898
5– चालू प्राप्तियां (1+2+3+4)	**28024983**	**35426151**	**46316299**

(ड.) चालू खर्च (करेन्ट आउट गोंइग)–

4.1.9–ऊपर दिखाई गई चालू प्राप्तियों के परिणाम की अपेक्षा वर्ष 2022–2023 के लिये आय– व्ययक में कुल 413358.24 करोड़ रुपये के चालू खर्चो की व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था 2021–2022 के लिये 329351.81 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित अनुमान) एवं 2020–2021 के लिये 278530.16 करोड़ रुपये (वास्तविक व्यय) की थी जैसा कि निम्न सारणी से स्पष्ट है:–

सारणी–4.7

(लाख रुपयों में)

चालू व्यय	वास्तविक 2020–2022	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–खपत सम्बंधी व्यय (देखिये, लेखा–1, मद–1)	11494859	14384026	19312078
2–अन्तरण अदायगियां (देखिये, लेखा–1, मद–2)	16358157	18551155	22023746
3–चालू खर्च (12)	**27853016**	**32935181**	**41335824**

(च) (1)– आमदनी में घाटा (इन्कम डिफिसिट)–

4.1.10– शुद्ध बचत की अपेक्षा शुद्ध निवेश की अधिकता राज्य सरकार की आय में घाटे को प्रदर्शित करता हैं, जिसका विवरण नीचे की सारणी में दिया गया हैः–

सारणी–4.8

(लाख रुपयों में)

शुद्ध निवेश एवं बचत	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
1–राज्य सरकार के शुद्व पूंजी निर्माण में निवेश (सारणी–4.2, मद–4)	3884281	8133459	10187626
2–राज्य सरकार की शुद्ध बचत (सारणी–4.5, मद–6)	171967	2490970	4980475
3–राज्य सरकार की आय में घाटा (1–2)	**3712314**	**5642489**	**5207151**

उपर्युक्त घाटा उस अन्तर को प्रकट करता है जो शुद्ध पूंजी अन्तरण के समायोजन पर्यन्त राज्य सरकार को राज्य में लिये जाने वाले वास्तविक ऋणों तथा वाह्य ऋणों से पूरा करना पड़ता है।

(च) (2)–राज्य सरकार की वित्तीय आवश्यकतायें–

4.1.11–उपर्युक्त घाटों में शुद्ध पूंजी अन्तरणों के समायोजन के उपरान्त राज्य सरकार के वित्तीय परिसम्पत्तियों में लेन–देन से उत्पन्न घाटे को जोड़ देने से प्राप्त योग सरकार की कुल वित्तीय आवश्यकता को प्रकट करती है। जो लेखा–3 एवं लेखा–4 में दिखाई गई सन्तुलनकारी मदों के योग से भी प्राप्त होता है। वर्ष 2022–2023 के लिये यह घाटा 71700.44 करोड़ रुपये है जो 2021–2022 के पुनरीक्षित अनुमानों से 3517.36 करोड़ रुपये अधिक तथा 2020–21 के वास्तविक घाटे से 19463.00 करोड़ रुपये अधिक है, जैसा कि निम्न सारणी से प्रकट है–

सारणी–4.9

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–राज्य सरकार की आय में घाटा (देखिये, सारणी–4.8, मद–3)	3712314	5642489	5207151
2–शुद्ध पूंजी अन्तरण (देखिये, लेखा–3, मद–5 (–) मद–2)	–315416	122944	–260289
3–वस्तुओं और सेवाओं के सभी लेन–देन और अन्तरणों पर घाटा (1–2) (देखिये, लेखा–3,मद–6)	4027730	5519545	5467440
4–वित्तीय परिसम्पत्ति (एसेट्स)में शुद्ध वृद्धि (देखिये, लेखा–4, मद–5)	1196014	1298763	1702604
5– घाटा जो कुल वित्तीय आवश्यकता को प्रकट करता है (3+4)	**5223744**	**6818308**	**7170044**

(छ) (1)–वित्त व्यवस्था के स्रोत –

4.1.12–उपरोक्त घाटे को पूरा करने की वित्तीय व्यवस्था नीचे दी सारणी में दिखाई गई है–

सारणी–4.10

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्ययक अनुमान 2022–23
1	2	3	4
1– शुद्ध ऋण (नेट बारोइंग)(देखिये, लेखा–5)	5213849	5975887	5313318
1.1– स्थायी ऋण (शुद्ध) (परमानेंट डेट)	6349968	5814145	5465000
1.2– केन्द्रीय सरकार से लिये गये ऋण (शुद्ध)	657799	1012573	90283
1.3– अनिधिबद्ध ऋण (शुद्ध) (अनफण्डेड डेट)	106240	170360	170360
1.4– अन्य ऋण (शुद्ध) (अदर डेट्स)	-999629	-804576	105788
1.5– अन्य ऋण, निक्षेप एवं विप्रेषण (शुद्ध) (अदर डेट्स, डिपाजिट्स, रेमिटेन्सेज)	-900290	-216615	-518113
1.6– अन्तर्राज्जीय उचन्त लेखा (शुद्ध)	-239	0	0
2– घाटे की वित्तीय व्यवस्था (डिपाजिट्स फाइनेन्सिग)	9895	842421	1856726
2.1– अल्पकालीन ऋण में वृद्धि (शुद्ध) (इन्क्रीज इनफलोटिंग डेट)	0	0	0
2.2– रोकड़ बाकी से निकास (विद्ड्राल)	9895	842421	1856726
3– योग (12) (देखिये सारणी–4.9, मद–5)	**5223744**	**6818308**	**7170044**

मद–2 के अर्न्तगत दी गई घाटे की वित्तीय व्यवस्था राज्य सरकार से आय–व्ययक सम्बंधी लेन–देन का मुद्रा पूर्ति पर विस्तारक प्रभाव को केवल आंशिक रुप से प्रकट करती है।

(छ) (2)–वित्तीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का शुद्ध लाभ–

4.1.13–वर्ष 2022–2023 में सभी विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का शुद्ध लाभ 0.00 करोड़ रुपये अनुमानित किया गया हैं। 2021–2022 के लिये पुनरीक्षित अनुमान 0.00 करोड़ रुपये आंका गया है। 2020–2021 में वास्तविक लाभ 0.00 करोड़ रुपये था।

इन परिणामों से प्रतिष्ठानों की कार्य–प्रणाली पर वित्तीय परिणामों का पता चलता है। इसकी नाप का कार्य–चलित व्ययों की अपेक्षा कुल प्राप्तियों के अतिरेक द्वारा की जाती है। इनका अन्तरण राजकीय प्रशासन को कर दिया जाता है और उनके बचत में जोड़ दिया जाता है। शुद्ध लाभ की व्युत्पत्ति नीचे दिखाई गई हैः–

सारणी–4.11

(लाख रुपयों में)

मद	वास्तविक 2020–2021	पुनरीक्षित अनुमान 2021–2022	आय–व्ययक अनुमान 2022–2023
1	2	3	4
1–कुल प्राप्तियां (देखिये, लेखा–2, मद–12)	1068463	1361195	1641599
2–कार्य चालक व्यय (आपरेटिंग एक्सपेन्सेंज) (देखिये, लेखा–2, मद–1 से 6)	1068463	1361195	1641599
3–शुद्ध लाभ (1–2)	**0**	**0**	**0**

(ज) राज्य आय में अंशदानः–

4.1.14–राज्य सरकार की आय–व्ययक सम्बंधी कार्य वाहियों से 2022–2023 में कुल 134703.88 करोड़ रुपये की आय होने का अनुमान किया गया है। यह आय 2021–2022 में 104869.96 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित अनुमान) तथा 2020–2021 के लिये 76217.59 करोड़ रुपये थी। राज्य सरकार द्वारा उत्पादित कुल आय का विवरण नीचे की सारणी में दिया गया हैः–

सारणी–4.12

(लाख रुपयों में)

व्यय की मदें	वास्तविक 2020–21	पुनरीक्षित अनुमान 2021–22	आय–व्यय क अनुमान 2022–23
1	2	3	4
1–सरकारी प्रशासन द्वारा दी गई मजदूरी और वेतन	5115952	6078770	7790557
2–विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का शुद्ध उत्पादन	713078	947657	1234207
(अ)मजदूरी और वेतन (मरम्मत और अनुरक्षण कार्यो की मजदूरी सम्बंधी 50 प्रतिशत भाग सहित)	644851	879767	1166317
(ब)ब्याज	68227	67890	67890
(स)लाभ (प्रशासन को अन्तरित और रखे गये लाभ नवीनीकरण और प्रतिस्थापन की अपेक्षा अवमूल्यन व्यवस्था का अतिरक शामिल है)	0	0	0
3–निर्माण कार्यो पर होने वाले राजकीय परिव्यय का मजदूरी और वेतन सम्बंधी भाग लेखा–3 की मद–1.1 क (1) व 1.4 क (1)का एक– तिहाई भाग तथा 1. 1(ख) (1) व 1.4 (ख) (1) का आधा भाग ,	1792729	3460569	4445624
4–योग (1+2+3)	**7621759**	**10486996**	**13470388**

अध्याय–5
लेखाओं पर टिप्पणियां

लेखा–1
वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन और अन्तरण–सरकारी प्रशासन का चालू खाता

5.1–इस लेखा में राजकीय प्रशासकीय विभागों का चालू राजस्व और व्यय दर्शाये गये है। लेखा–2 के अन्तर्गत सम्मिलित विभागों के अतिरिक्त अन्य सभी विभाग आर्थिक वर्गीकरण हेतु प्रशासकीय माने गये हैं। प्रशासकीय विभागों के चालू व्यय को राजकीय चालू खाते में अन्तिम परिव्यय के रुप में दर्शाया गया है जो कि राजकीय चालू खपत को व्यक्त करता हैं। प्रशासन के चालू व्यय में (1) अन्तिम परिव्यय और (2) अन्तरण अदायगियां (ट्रांस्फर पेमेन्ट) सम्मिलित है। अन्तरण अदायगियों द्वारा सरकार शेष अर्थ–व्यवस्था की निस्तारण योग्य आय "डिसपोजिविल इनकम" को अप्रत्यक्ष रुप से वृद्धि करती है। इन सम्पूर्ण व्ययों की पूर्ति करने के लिये विभिन्न करों, प्रकीर्ण प्राप्तियों, ऋणों, अनुदानों और केन्द्रीय सरकार से वसूलियों इत्यादि से होने वाले सामुदायिक आय के एक भाग के अतिरिक्त विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लाभों का सरकार विनियोग करती है। खपत सम्बंधी व्यय और चालू अन्तरण को पूरा करने के उपरान्त राजस्व का अधिशेष पूंजी निर्माण के लिये प्राप्त होने वाली सरकारी प्रशासन की बचत का द्योतक है।

मद 1.1 (क)– "मजदूरी और वेतन" में कार्मिको के वेतन, अधिष्ठान का वेतन, उनके भत्ते (यात्रा एवं दैनिक भत्तों के अतिरिक्त) व मानदेय सम्मिलित है। भत्तों और मानदेयों में महंगाई भत्ता, मानदेय, प्रतिकर भत्ता, मकान किराया सम्बंधी भत्ता, सवारी भत्ता और वर्दी भत्ता भी शामिल है। जहां यात्रा और अन्य भत्ते एकमुश्त दिये गये है वहां उनको दो सम्भागों में विभाजित कर दिया गया है। पूंजी निर्माणगत परियोजनाओं में कार्यरत् कर्मचारियों को मजदूरी और वेतन तथा पेंशन को निर्माण की लागत मानकर लेखा–3 के अन्तर्गत दिखाया गया है।

मद 1.1 (ख)– "पेंशन" के अन्तर्गत अधिवर्ष तथा सेवानिवृत्ति भत्ते, अनुकम्पा भत्ते तथा पारिवारिक पेंशन तथा पेंशनों की राशि मूल्य आदि सम्मिलित है।

मद 1.2– "वस्तुओं और सेवाओं" में राजकीय प्रशासन द्वारा वस्तुओं और सेवाओं जैसे– लेखन–सामग्री और मुद्रण व्यय, टेलीफोन सम्बंधी व्यय, विद्युत एवं जल सम्बंधी व्यय, वर्दी सम्बंधी व्यय, यात्रा व्यय, यात्रा एवं दैनिक भत्ते, मनोरंजन सम्बंधी व्यय, चिकित्सा एवं आहार सम्बंधी

व्यय, पुस्तकें एवं सामयिक पत्रिकायें, अन्य सरकारों को दिया गया अधिष्ठान सम्बंधी व्यय, कच्चा माल और वाहनों का परिचलन व्यय सम्बंधी क्रय, मरम्मत और अनुरक्षण सम्बंधी व्यय, प्रासंगिक व्यय, शीर्षक के अन्तर्गत आकस्मिक श्रमिकों को मजदूरियों की अदायगी सम्मिलित है। राजकीय मुद्रणालय की हानियों का अभ्यारोपित मूल्य प्रशासन की खपत सम्बंधी व्यय मानकर इस मद में शामिल कर लिया है। निर्माणगत परियोजनाओं पर किया गया "वस्तुओं और सेवाओं" का अंश निर्माण की लागत मानकर लेखा–3 के अन्तर्गत दिखाया गया है। वस्तुओं और सेवाओं के विक्रय से प्राप्तियों को व्यय में से घटा दिया गया है।

मद 2– "अन्तरण अदायगियां"–आर्थिक दृष्टिकोण से सरकार के व्यय तीन प्रकार के होते हैं– 1–खपत सम्बंधी व्यय, 2–पूंजीगत व्यय, 3–शेष अर्थ–व्यवस्था में अन्तरण (वर्गीकरण के पूंजीगत खाते में कुछ अन्तरण पूंजी निर्माण का स्वरुप लेते हैं। इस लिये आर्थिक वर्गीकरण के अन्तर्गत चालू अन्तरण को पूंजीगत अन्तरण से भिन्न माना गया है) चालू अन्तरण को निम्न भागों में बांटा गया है– ब्याज का भ्ुगतान, स्थानीय निकायों, सहकारी संस्थाओं, शिक्षा संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं को अनुदान, राज सहायता एवं व्यक्तिगत रुप से अन्य चालू अन्तरण जो प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत आय बढ़ाते है। कभी–कभी सार्वजनिक ऋणों पर ब्याज का भुगतान सरकार के चालू राजस्व से घटा दिया जाता है परन्तु वहां पर भुगतान घटाये नहीं गये है।

मद 2.1– "ब्याज" सार्वजनिक ऋणों पर ब्याज तथा लेखा–2 मद–5 में दिखलाये गये वाणिज्यिक ऋण पर ब्याज के अतिरिक्त अन्य ब्याज के अन्तर्गत भुगतान आते है। रोकड़ शेष के विनियोजन पर ब्याज कुल ब्याज से घटा दिया गया है क्योकि यह अन्तर विभागीय अथवा अन्तर खाते में अन्तरण है जो कि आर्थिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण नही है।

मद 2.2– "अनुदान" को चार वर्गो में विभक्त किया गया हैं यथा– (1)स्थानीय निकायों को, (2) सरकारी संस्थाओं को, (3) शिक्षा संस्थाओं को तथा (4) अन्य संस्थाओं को "अन्य संस्थाओं" के अन्तर्गत उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य संस्थाओं को तथा अलाभकारी संस्थाओं को दिये गये अनुदान आते है।

मद 2.3– "राज सहायता"–चालू खाते पर सभी अनुदानों को सम्मिलित करता है जो निजी उद्योग, सरकार से प्राप्त करते है उनका रुप या तो उत्पादको को सीधे भुगतान के रुप में होता है या सरकारी वाणिज्यिक उपक्रमों या क्रय और विक्रय के मूल्य में अन्तर के रुप में होता है। कुछ विशेष परिस्थितियों में राज सहायता उन अनुदानों को सम्मिलित करता है जो सरकार द्वारा

सार्वजनिक निगमों को हानियों के क्षतिपूर्ति के रुप में दिया जाता है। सार्वजनिक निगमों के समस्त चालू अन्तरण चाहे वे मूल्य स्तर को बनाये रखने अथवा अन्य उद्देश्यों के लिये हों–"राज सहायता" के अन्तर्गत आते है1 विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में उन हानियों को जिनकी राज सहायता से पूर्ति नहीं हो सकती है उनको सामान्य राजकीय खाते में ऋणात्मक घाटे के रुप में अन्तरित किया जाता है। वानिकी, उद्योग, सिंचाई तथा दुग्ध सम्पूर्ति के विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों द्वारा उठाई गई हानियों को राज सहायता माना गया है।

मद 2.4– "अन्य चालू अन्तरण"– इस मद में परिवारों के खाते में किये गये भुगतान चालू अन्तरण के अन्तर्गत आते हैं जैसे– विशिष्ट तथा प्रशासनीय सेवाओं हेतु पेंशन, राजनैतिक तथा प्रादेशिक पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक भत्ते, छात्रवृत्तिया, अकाल पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क सहायता, पुरस्कार आदि आते हैं।

मद 3– "चालू खाते की बचत"– चालू खाते के अर्न्तगत व्यय की अपेक्षा प्राप्तियों का अधिशेष (सरप्लस) है।

मद 5–"कर राजस्व"– को दो भागों– (1)"प्रत्यक्ष कर" व (2)"अप्रत्यक्ष कर" में वर्गीकृत किया गया। "प्रत्यक्ष कर" में केन्द्रीय करों में निगम करों के अतिरिक्त राज्य का भाग कृषि सम्पत्ति पर कर, भू राजस्व तथा नगरीय भूमिकर सम्मिलित है। "अप्रत्यक्ष कर" में उत्पादकों पर उनके द्वारा किये गये उत्पादन पर लगाया गया कर, क्रय–विक्रय अथवा वस्तुओं सेवाओं का उपभोग जो कि उत्पादन के खर्च में सम्मिलित होते है, अप्रत्यक्ष कर के अन्तर्गत आते हैं। अप्रत्यक्ष कर के सामान्य उदाहरण निम्न है–आयात, निर्यात् व उत्पादन शुल्क, बिक्री कर,वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0), मनोरंजन कर, बाजीकर (वेटिंग टैक्सेज),व्यवसाय लाइसेन्स तथा लेन–देन (स्टाम्प) कर तथा भू–सम्पत्ति एवं भूमिकर।

मद 6–"सम्पत्ति और उद्यमों से आय"–इस मद में प्रशासन को अन्तरित विभागीय वाणिज्यिक उपक्रमों से लाभ तथा भवनों अथवा अन्य सम्पत्तियों से प्राप्तियां, ब्याज तथा लाभांश से प्राप्त धनराशि सम्मिलित है।

मद 7–"परिवारों से अन्तरण" इस मद के अन्तर्गत वे भुगतान जो परिवारों और निजी अलाभकारी संस्थाओं द्वारा राज्य सरकार को नियंत्रित तथा सामाजिक सेवाओं के व्यय हेतु मुख्यतः सरकारी एजेन्सीज के द्वारा लिया जाता हैं, सरकारी एजेन्सी द्वारा नियन्त्रित व्यय नियन्त्रित कार्यो और उन

सेवाओं हेतु जिनके लिये कोई और प्राइवेट क्षेत्र समतुल्य उपलब्ध नही है, के सम्बंध में हैं। ऐसी सेवायें अधिकांश रुप से सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। क्योंकि यह अनिवार्य अधिकार के प्रयोग पर निर्भर करता है। परिवारों द्वारा इस प्रकार व्ययों के उदाहरण जन्म–मृत्यु, विवाह के लिये पंजीकरण फीस, कोर्ट फीस, जुर्माने और दण्ड आदि हैं । जो राज्य सरकार के बजट के विभिन्न राजस्व शीर्षकों के अन्तर्गत दिखलाये गये है।

मद 8–"राजस्व अनुदान, अंशदान एवं वसूलियां"–इस मद के अन्तर्गत चालू अन्तरण से प्राप्तियों जो कि संघीय सरकार तथा अन्य संस्थाओं से संगत होती है, सम्मिलित की जाती है। अन्तरण जो उत्पादन अथवा खपत की आर्थिक रुप से घोषित करने हेतु उपयोग किये जाते हैं, उनको चालू अन्तरण में वर्गीकृत किया गया है।

लेखा–2
वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन और अन्तरण–विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का चालू खाता

5.2–यह लेखा विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन एवं अन्तरण को प्रकट करता हैं। प्रतिष्ठान मुख्यतः विक्रय हेतु वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में लगे हुये है। वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों द्वारा सामान इत्यादि का क्रय अर्न्तवर्ती व्यय (जैसे कच्चा माल एवं ईधन सम्बंधी मूल्य इत्यादि) और ये प्रशासकीय विभागों द्वारा किये गये अन्तिम परिव्यय से बिल्कुल भिन्न है। यह लेखा विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लाभ और हानि के विवरण को प्रकट करता है। इनमें सन्तुलनकारी मद अधिशेष है जिससे लेखा–1 प्राप्ति पक्ष को अग्रनीत किया जाता है।

आर्थिक वर्गीकरण के उद्देश्यों से निम्नलिखित को विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठान माना गया हैः–

(1) वन,
(2) सिंचाई,
(3) मुद्रणालय,
(4) उद्योग–
 (क)–सूक्ष्म उपयन्त्र निर्माण शाला, लखनऊ।
 (ख)–अन्य
(5) दुग्ध सम्पूर्ति

इन विभागों के वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के व्यय को वेतन एवं मजदूरी, पेंशन, वस्तुओं और सेवाओं, किराया, मरम्मत और अनुरक्षण, ब्याज, अवमूल्यन के लिये व्यवस्था तथा ग्रहीत लाभ में वर्गीकृत किया गया है। शेष जो इन प्रतिष्ठानों का लाभ है राजकीय प्रशासन को वित्तीय प्रबन्ध हेतु अन्तरित कर दिया जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इन प्रतिष्ठानों के लेन–देन के सभी पहलुओं का परावर्तन प्रस्तुत लेखाओं में नही होता। आय–व्ययक के लेखा पालन का रुप वित्तीय वर्ष की अवधि में मुख्यतः वास्तविक रोकड़ प्राप्तियां तथा संवितरण प्रदर्शित करता है और भण्डारण स्थिति पर प्रकाश नही डालता। इसके अतिरिक्त इसमें अर्जित और देय धनराशियों का भी संकेत नही रहता है। इस प्रकार रोकड़ाधार पद्वति (कैश बेसिस सिस्टम) राजकीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को समस्त चित्रण करने में पूर्णतः समर्थ नही है। इसलिये इसका वास्तविक परावर्तन आय–व्ययक में तथा इसके फलस्वरुप आर्थिक वर्गीकरण में नही हो पाता।

लेखा–3

वस्तुओं और सेवाओं के लेन–देन और अन्तरण–सरकारी प्रशासन और विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का पूंजी खाता

5.3–यह लेखा शेष अर्थ–व्यवस्था में निजी निर्माण सहित सरकारी प्रशासन तथा विभागीय वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों द्वारा वस्तुगत परिसम्पत्तियों (फिजिकल ऐसेट्स) के निर्माण को व्यक्त करने वाले कुल पूंजी परिव्यय से सम्बंधित है। पूंजी निर्माण पर सम्पूर्ण परिव्यय राष्ठीय उत्पाद पर एकभार है जिसको वहन करने के लिये सरकार को साधनों की खोज अपनी बचत अथवा निजी बचतों से आहरण द्वारा करनी पड़ती है इनमें सन्तुलनकारी मद घाटा प्रकट करती है जिसको ऋण लेकर अथवा रोकड़ बाकी के उत्सारण से पूरा करना होता है।

मद–1– "सकल पूंजी निर्माण"–सरकारी प्रशासन तथा वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के अन्तर्गत दो भागों में विभक्त किया गया है–

(1) भवन तथा अन्य निर्माण कार्य
(2) मशीन एवं उपकरण
प्रत्येक विभाग को निम्न उपवर्गो में वर्गीकृत किया गया–
(क) नया परिव्यय
(ख) नवीकरण एवं प्रतिस्थापन

मद 1.1 (क) व 1.4 (क)– इन मदों में भवन निर्माण कार्यो, आवास, कार्यालयों तथा अन्य प्रयोजनों के लिये भवनों के मूल निर्माण–कार्य दिखलाये गये हैं।

मद 1.1 (ख) व 1.4 (ख)– इन मदों के अन्तर्गत परिवहन एवं दूर संचार, विद्युत शक्ति एवं सिंचाई, बांध एवं जल निकास, जल पूर्ति एवं सफाई, भूमि सुधार एवं वृक्षारोपण तथा अन्य निर्माण कार्यो पर सम्पूर्ण व्यय सम्मिलित है।

पूंजी निर्माणगत परियोजनाओं में कार्यरत् कर्मचारियों को प्रदत्त मजदूरी और वेतन एवं इस प्रकार की परियोजनाओं के सम्बंध में वस्तुओं और सेवाओं पर किया गया व्यय निर्माण की लागत का ही अंशमान कर तद्नुसार लेखा–3 के अन्तर्गत दिखाया गया है। व्यय भवन अथवा अन्य निर्माण–कार्यो के अनुपात में बांट दिये गये हैं।

मद 1.2 व 1.5– "मशीनें और उपकरणों" मशीनों और उपकरण, उपस्कर एवं निरोप (फर्नीचर एण्ड फिक्सचर) व साधित्र (आपरेटस) औजार एवं संयत्र (टूल्स एवं प्लान्ट्स) और वाहन समाविष्ट है।

मद 1.3 व 1.6–"तालिकागत समान में वृद्वि (इनक्रीज इन इन्वेंट्रीज)"– (1) निर्माण सम्बंधी सामान और (2) अन्न उवर्रको इत्यादि भण्डार को शुद्ध वृद्धि अथवा ह्रास दिखाया गया है।

